हो कान्हा हो पालनहारे हो

तारन हारे हो तुम पालनहारे हो,
हम जैसो के मोहन तुम ही सहारे हो
हो कान्हा हो पालनहारे हो

ऐसा ही क्यों हम को हर पल होता है एहसास
दूर नही हो आप हमारे रेहते हर पल पास
सच एक बस के तुम हमारे हो
हो कान्हा हो पालनहारे हो

लुट गए हम तो प्रीत में तेरी ऐसे प्यारे प्रीतम
नाम तुम्हारे लिख डाला है अपना सारा जीवन
जीवन है तुम्हारा तुम रखवाले हो
हो कान्हा हो पालनहारे हो

प्रेम के धागों से बांधा है तुम संग हम ने खुद को
जुदा अगर करना चाहो कैसे करोगे हम को
प्राणों से भी ज्यदा हम को तुम प्यारे हो
हो कान्हा हो पालनहारे हो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22235/title/ho-kanha-ho-palanhare-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |